
हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 9 सितंबर 2024

10 प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रोजगार योजना के लिए नहीं मिले ...




11 40 प्रतिशत कमीशन पाने के लालच में डॉक्टर ने ...





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड- 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि- 11/09/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# चार माह में बनना था, 36 माह बाद भी अधूरा है किसान कुटीर भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/बेरला

छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन(मंडी) बोर्ड के अधीनस्थ मद से स्वीकृत निर्माण कार्य सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहभट्ठा पंजीयन क्रमांक 671 में किसान कुटीर भवन निर्माण कार्य आज तक अधूरा पड़ा है।

आपको बता दें कि ब्लॉक बेरला में आने वाले सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहभट्ठा 671 में किसान कुटीर भवन ढाई तीन साल होने को चले लेकिन अब तक निर्माण अधूरा पड़ा है। ठेकेदार की मनमानी के कारण किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड के अधीन मद से स्वीकृत निर्माण कार्य वर्ष 2021-22 में किसान कुटीर भवन निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 13.59 लाख रूपये में है, जिनका निविदा दर सहित लागत 14.95 लाख रुपये में किया गया। किसान कुटीर भवन का निर्माण करने वाले ठेकेदार पटेल ट्रेडर्स डोंगीतराई साजा कर रहे हैं। जानकारी के मुताबित किसान कुटीर का निर्माण करने के लिए अप्रैल 2022 व जून 2022 के मध्य फंड पंजीकृत किया था। निविदा शर्त में निर्माण के लिए केवल चार माह का समय नियत किया गया था। लेकिन जून 22 से लेकर सितंबर 24 के मध्य 36 माह का समय गुजर चुका है। उसके बाद भी निर्माण अधूरा है।

## सहकारी समिति मर्यादित मोहभट्ठा किसानों को नहीं मिल रही सुविधा

### बिजली व नल फिटिंग बाकी

यहां रंग रोगन, बिजली फिटिंग, नल सहित सम्बंधित कार्य नहीं किया गया है। इसके कारण संबंधित धान खरीदी केंद्र में धान बेचने के लिए आने वाले किसानों को खुले बैठना पड़ रहा है। किसानों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे किसान कुटीर में किसानों के लिए रुकने की व्यवस्था, कैंटीन व आराम करने की सुविधा मुहैया कराई जानी है, जो महज कागजी साबित हो रही है। वहीं, किसान कुटीर भवन अधूरा पड़े होने के कारण खंडहर जैसा दिखने लगा है। भवन के आसपास कई प्रकार की घास उग आई हैं।



### 50 से 100 मीटर पास के खदान में ब्लास्टिंग, बना खतरा

ब्लॉक मुख्यालय बेरला के ग्राम मोहभट्ठा में पत्थर के खदान से आच्छादित है। जहां होलको ब्लॉस्ट के कारण कई प्रकार आय दिनों झटके व भूकंप की भांति स्थिति निर्मित हो जाती है। साथ ही ब्लास्टिंग के दौरान बड़े-बड़े टुकड़े इधर-उधर गिरते हैं।

## खबर संक्षेप

### सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण आज से

**बेमेतरा।** डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में 9 से 11 सितंबर तक तीन दिवसीय कक्षा छठवीं से लेकर के कक्षा आठवीं तक के सामाजिक विज्ञान शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इससे पहले सभी प्रतिभागियों के लिए दो दिवस आनलाइन कक्षाओं का भी आयोजन किया जा चुका है। डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि जिले के दो विकासखंडो साजा और नवागढ़ के शिक्षकों के लिए सामाजिक विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसमें दोनों विकासखंडों के 60-60 शिक्षकों को कुल 120 शिक्षकों को इस प्रशिक्षण में आमंत्रित किया गया है। सभी प्रतिभागियों को कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा आठवीं तक के सामाजिक विज्ञान की पुस्तक अपने साथ लाना होगा। प्रशिक्षण का समय प्रातः 9:30 बजे से 5:30 तक रहेगा। पूर्णतः आवासीय प्रशिक्षण में जलपान और दोपहर को भोजन की व्यवस्था रखी गई है।

### पिरदा में गूंजा राम का नाम



**बेमेतरा/भिम्भौरी।** आदर्श जन कल्याण समिति ग्राम पिरदा द्वारा राम सत्ता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसका संगीतमय विसर्जन शनिवार को किया गया। उक्त आयोजन में जीवन साहू, धनेश्वर साहू, सनत वर्मा, आशुतोष, छन्नु, विमल, नेतराम, सत्तू एवं राजकुमार सहित समस्त पिरदा ग्रामवासी उपस्थित थे।

### तीजा लेने गए भाई के मकान में चोरी

**भिलाई।** अपनी बहन को मकान में ताला जड़कर तीजा लेने गए भाई के मकान का ताला टूटा। मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी गायब हो गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि प्लाट नं. 346 एकता सोसायटी लोहिया रोड कैलाश नगर जामुल निवासी कामदेव सेन हेलथ केयर विभाग में कार्यरत है। बहन को तीजा लेने रायपुर गया हुआ था।

## रांका और कठिया के व्यापारियों ने भी दुकानें बंद रखकर दिया महापंचायत को समर्थन

# रांका-पथर्रा के बीच प्लांट का विरोध महापंचायत में 30 गांवों के लोग जुटे







हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

रांका और पथर्रा में गांव के बीच कृषि भूमि में एथेनाल और पावर प्लांट लगाने के विरोध में आसपास के तीस गांवों के ग्रामीणों की रविवार को ग्राम रांका में विशाल महापंचायत हुई। वहीं, प्लांट का विरोध करते हुए ग्रामीणों के समर्थन में रांका और कठिया के व्यापारियों ने रविवार को अपनी दुकानें बंद रखीं। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने ऐहतियात बरतते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की थी।

रविवार की सुबह से ही इथेनॉल प्लांट के विरोध में विभिन्न गांव के ग्रामीण महापंचायत में जुटने लगे थे। इससे पूर्व युवाओं सहित अनेक अन्य लोगों ने मोटरसाइकिल रैली निकाली। इसके साथ ही सबसे बंद के समर्थन करने की अपील भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से की गई। उसके बाद महापंचायत का आयोजन कर धरना प्रदर्शन किया गया। महापंचायत के दौरान इथेनॉल फैक्ट्री लगने से होने वाली परेशानी के बारे में लोगों ने बनाये गए मंच से अपने विचार व्यक्त किए। इसमें सेवानिवृत्त डीएसपी सत्येंद्र पांडे, बिटकुली के प्रमील तिवारी, पूर्व सरपंच रांका के जितेन साहू, पूर्व सरपंच घना निषाद, जनपद पंचायत सदस्य सिद्दीकी खान बसनी के अजिताभ मिश्रा, साहू समाज के अध्यक्ष नरेश साहू, दीपक यादव सहित अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। उसके बाद बेरला के तहसीलदार शुक्ला को धरना स्थल पर ही ज्ञापन सौंपा गया। मंच से विचार व्यक्त करने वाले लोगों ने शासन प्रशासन जहां जमकर अपनी भड़ास निकाली वही उद्योग के हित को सर्वोपरी मानते हुए ग्रामीण किसान जनता की आवाज को दबाने की हर तरह की युक्ति अपनाए जाने का आरोप लगाया।

- एथेनाल और पावर प्लांट लगाए जाने के विरोध में बेरला तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन
- हजारों लोगों की उपस्थिति को देखते हुए बड़ी संख्या में तैनात थी पुलिस

### तीन साल से हो रहा विरोध

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बीते दो तीन माह से विरोध में गांव-गांव में लगातार बैठकें की जा रही हैं। रांका में जब से सुयश बायो फ्यूल के लिए भूमि के डायवर्सन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है, तब से लेकर आज तीन वर्षों से यहां के किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों का कहना यह है कि ये प्लांट निर्जन क्षेत्र व बंजर जमीन में लगने वाला प्लांट है। इस क्षेत्र में भैंसा में संचालित प्लांट की भयंकर बदबू और प्रदूषण आग में घी डालने का काम कर रही है। इस क्षेत्र के लोग लगातार भैंसा गांव में संचालित प्लांट से होने वाली बदबू और प्रदूषण का अवलोकन कर रहे हैं। भैंसा और उसके आसपास के गांव के ग्रामीणों से रूबरू होने के बाद उनकी परेशानी सुनने और स्थल का मुआयना करने के बाद इस क्षेत्र की जनता में शासन प्रशासन के प्रति भयंकर आक्रोश पनप रहा है। उसी की परिणीति स्वरूप महापंचायत का आयोजन किया गया।

# जुआ खेलते 4 पकड़ाए 17 हजार नकद बरामद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पुलिस चौकी कंडरका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भिंभौरी के तीन पुलिया नहर नाली के पास आम जगह में जुआ खेलते 4 जुआरियों को पुलिस ने धरदबोचा। जुआरियों के पास से 17 हजार से अधिक की नकद राशि जब्त की गई। वहीं, आरोपियों के विरुद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर चौकी कंडरका पुलिस टीम ने फड़ पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की। इस बीच पुलिस को आता देखकर कुछ लोग भाग निकले, जबकि मौके पर 4 जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इनमें लोकेश वर्मा उम्र 31 साल ग्राम धनेली थाना धरसीवां जिला रायपुर, लक्ष्मीनारायण सिन्हा उम्र 34 साल, विकास सिन्हा उम्र 32 साल, कुशल साहू उम्र 60 साल ग्राम भिंभौरी चौकी कंडरका थाना बेरला शामिल हैं। चारों जुआरियों के पास से नकदी 17 हजार 250 रूपये एवं 52 पत्ती ताश जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई में पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कंवल सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक पोषण साहू, भुषण ठाकुर, आरक्षक डागेश्वर वर्मा, भावेश पुरी गोस्वामी, सुरेन्द्र जांगडे, टीकेन्द्र यादव एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

- मुखबिर की सूचना पर कंडरका चौकी पुलिस ने की छापामार कार्रवाई

# सिवनी में बच्चों ने निकाली साक्षरता रैली




**नवागढ़।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी के तत्वावधान में उल्लास नवभारत साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत साक्षरता-रैली का आयोजन किया गया। शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा निकाली गई साक्षरता रैली में उल्लास केन्द्र मं पढ़व, जिनगी ल गढ़व। साक्षरता हमें जगाती है, शोषण से बचाती है। साक्षरता ऐसी सीढ़ी है, जिससे चलती पीढ़ी है। पढ़ेंगे और पढ़ाएंगे, ज्ञान का दीप जलाएंगे, जैसे नारों के माध्यम से गाँव के लोगों को साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों, बच्चों व ग्रामवासियों ने साक्षरता की शपथ ली।

# मटकी फोड़ में उत्तरा व कुर्सी दौड़ में सीमा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

तीज एवं गणेश चतुर्थी के अवसर पर बाजार चौक गणेशोत्सव समिति बरगा द्वारा विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तिजहारिनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महिलाओं ने मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न परम्परागत खेलों का आयोजन किया गया, जो कि हमारी संस्कृति और सभ्यता का हिस्सा हैं। स्पर्धा में तीजहारिनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में उत्तरा साहू, चम्पा साहू, सावित्री निर्मलकर ने पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं, कुर्सी दौड़ में सीमा पाल को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य परम्परागत संस्कृति एवं सभ्यता को बरकरार रखने और आपसी एकता को बनाये रखने के लिए था।

आयोजक मंडल के सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के आयोजन में अरूण साहू, चुरावन साहू, भुषण साहू, दौलत यादव, मोनू कुमार, डाकवर साहू, रूपेश कुमार, संजु साहू, रूपेन्द्र पाल, विजय साहू, गोपाल साहू, पुरषोत्तम यादव सहित सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन अरूण साहू ने किया।

- तीजा व गणेश चतुर्थी पर ग्राम बरगा में हुई खेल प्रतियोगिता
- प्रतियोगिता में तिजहारिनों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



## शहर के पोस्ट आफिस में 15 साल पहले शुरू की गई थी रेलवे आरक्षण टिकिट खिड़की

# रेलवे टिकट के लिए जिलेभर में एकमात्र आरक्षण केंद्र, दूसरे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

रेलवे आरक्षण सुविधा शहर के पोस्ट ऑफिस में संचालित है, पर यह सुविधा आमजनों को सुबह निर्धारित पोस्ट ऑफिस खुलने के समय में ही मिल पाती है, इसलिए शहर सहित जिलेवासियों को उसी निर्धारित समय पर ही जाना पड़ता है। इसके अलावा पोस्ट ऑफिस रविवार के साथ ही अन्य शासकीय अवकाश के दिन भी बंद रहता है।

इसके कारण आमजनों को टिकिट आरक्षण करवाने में मुश्किलों से गुजरना पड़ता है, वहीं जिले की बढ़ती आबादी जनसंख्या के बाद शहर सहित जिलेवासियों में एक और रेलवे आरक्षण खिड़की की सुविधा की मांग की जा रही है, ताकि आम जनों को लंबी दूरी तय करने के लिए सुविधा जनक रेलवे टिकिट मिल सके। बता दें कि 15 वर्ष पूर्व 2009 में रेलवे टिकिट आरक्षण खिड़की पोस्ट ऑफिस में खोली गई थी। इससे पहले आमजनों को दुर्ग, रायपुर या फिर तिल्दा के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन टिकट लेने के लिए दौड़ना पड़ता था। अब 15 वर्ष बाद यही स्थिति से आमजनों को गुजरना पड़ रहा है। वहीं, पोस्ट ऑफिस की धीमी चाल और कर्मचारियों की कमी से जूझने का फायदा टिकिट दलाल उठा रहे हैं, जिससे आम जनों पर जहां आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, वहीं समय भी ज्यादा लग रहा है। पहले से ही रेलवे के बढ़ते किराए से परेशान नागरिकों को ट्रेन टिकट लेने अधिक राशि खर्च करनी पड़ती है।

- पोस्ट ऑफिस में कर्मचारियों की कमी के कारण लग रहा ज्यादा समय




### पोस्ट ऑफिस में स्टाफ की कमी

रेलवे टिकिट आरक्षण कराने का एक निर्धारित समय है। आमजन समय से पहले पहुंच जाते हैं, परंतु टिकिट आरक्षण खिड़की में जितने टिकिट कोटे के हिसाब बनने चाहिए, उतने नहीं बन पाते। इससे विवाद की भी स्थित उत्पन्न होती रहती है। टिकिट आरक्षण कराने पहुंचे नागरिक नरेश कुमार, विजय ने बताया कि रेलवे टिकिट के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। जब भी जाओ तो पोस्ट ऑफिस का कर्मचारी मौजूद नहीं रहते जब पोस्ट ऑफिस के अधिकारी से कहा जाता है, तो वे कर्मचारियों की कमी का रोना रोते हैं।

वहीं, पोस्ट ऑफिस के एक कर्मचारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि पोस्ट मास्टर की मनमानी के कारण आमजनों को परेशानी से गुजरना पड़ता है, क्योंकि हर दिन टिकिट खिड़की में बदल-बदल कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी जाती है। उन्होंने कहा कि पहले कर्मचारियों को टिकिट आरक्षण करने की ट्रेनिंग दिलाई जानी चाहिए।

## अटेन्डेट ने घर से चेन की पार, गिरफ्तार

**भिलाई।** घर के अटेन्डेट ने सोने का चेन चोरी कर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बंगलो नंबर 21/01 मोतीलाल नेहरू नगर निवासी विशिष्ट जायसवाल डेयरी फार्म का संचालन करता है।\ दादा विजय कुमार जायसवाल की तबियत खराब रहने से उनकी देखभाल के लिए अटेन्डेट आनंद शर्मा को रखा गया था। 5 अगस्त से आनंद को काम पर रखा गया था। 19 अगस्त की रात दादा अपनी सोने की चैन बिस्तर पर उतारकर रखे हुए थे। इस दौरान अटेन्डेट आनंद शर्मा दादा विजय जायसवाल के यूरीन की थैली खाली करने गया। तब आनंद ने पुरानी इस्तेमाल 20 वर्ष पुरानी चेन को छिपाकर चोरी कर ली। जिसकी कीमत 1 लाख रुपए आंकी गई है। चेन करीबन 6 से 07 तोला का होगा सूचना डायल-112 को दी गई।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

